एक नजर में

रॉयल क्वींस क्लब का गठन किया

इंदौर . रॉयल बंग्लो सीट क्लब सुखलिया की महिलाओं द्वारा रॉयल क्वीनस् क्लब का गठन किया गया . इसकी प्रमुख सूत्रधार संध्या खंडेलवाल एवं सभी सहायिकाएं अर्चना शर्मा, प्रवीना रघुवंशी एवं पूजा चौधरी हैं . कार्यक्रम का आयोजन बैशाखी की थीम पर किया गया . जिसमें महिलाओं ने पंजाबी वेशभूषा में तैयार होकर बहुत जोर-शोर शोर से हिस्सा लिया . कार्यक्रम में पंजाबी थीम पर तंबोला और खेलों का आयोजन किया गया महिलाओं ने पंजाबी धुन पर गिदा और भांगड़े का आनंद लिया . इस क्लब का उद्देश्य सभी को एक जुट होकर रहना और महिला सशक्ति करण पर जोर देना है . इस क्लब में अन्य क्रिया कलाप जैसा योग, जुम्बा, भजन, बुजुर्ग आश्रम में जरूरत मंदों की सेवा, करना और बेटी पढ़ाओ, बेटी समझाओ, बेटी बचाओ पर संकल्प लिया . थीम के अनुसार परिधान पहन कर और तैयार हो कर आने वाली महिलाओं को पुरस्कृत किया गया . इस क्लब में 40 महिलाएं हैं . क्लब की महिलाओं का ऐसा मानना है कि हम सभी एक परिवार की तरह मिलजुल कर काम करेंगे और निरंतर इसे बेहतर करने के लिये प्रयास करेंगे . यह कार्यक्रम एक होटल में किया गया .

मुद्रा कांफ्रेंस में गिरीश शर्मा आज देंगे प्रस्तुति

इंदौर . शहर के प्रख्यात मुद्रा शास्त्री एवं राष्ट्रीय मुद्रा परिषद के सदस्य गिरीश शर्मा 'आदित्य' को उदयपुर के भूपाल नोबल विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कांफ्रेंस में व्याख्यान के लिए आमंत्रित किया गया है। यह कांफ्रेंस 17 अप्रैल तक चलेगी। इसमें गिरीश शर्मा आदित्य गुरुवार, 17 अप्रैल को प्राचीन मुद्राओं पर पर्यावरण संबंधी चिन्हों और संदेशों पर चित्रमय प्रस्तुति देंगे। वे यहां अपने संग्रह के दुर्लभ सिक्कों के चित्र भी प्रदर्शित करेंगे। आदित्य के अलावा इस कांफ्रेंस में देश-विदेश के अनेक वरिष्ठ इतिहासकार, पुरातत्व विद्वान एवं मुद्रा शास्त्री भी शामिल होंगे, जो ' भारतीय मुद्रा एवं मुद्रांकों का वैश्विक परिदृश्य ' विषय पर अपने विचार व्यक्त करेंगे। कांफ्रेंस में नेशनल म्यूजियम नई दिल्ली के महानिदेश बी .आर . मणि मुख्य अतिथि होंगे। उदयपुर वि .वि . की इतिहास विभाग की प्रमुख डॉ . पंकज आमेटा ने संयोजक के नाते आदित्य को इस कांफ्रेंस में आमंत्रित किया है।

मराठी सोशल ग्रुप द्वारा निशुल्क स्वास्थ्य शिविर 19 को

इंदौर . मराठी सोशल ग्रुप ट्रस्ट इंदूर एवं चोइथराम अस्पताल अनुसंधान केंद्र इंदौर के संयुक्त तत्वाधान में 19 अप्रैल को निशुल्क चिकित्सा स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया जा रहा है, इसमें जनसामान्य के साथ विशेष रूप से खिलाड़ियों का स्वास्थ्य परीक्षण नि :शुल्क होगा . श्रीमती तृप्ति महाजन ने बताया कि मराठी सोशल ग्रुप ट्रस्ट सन 2000 से विभिन्न समाज सेवा के कार्य करती आ रही है . संस्था द्वारा आयोजित सालाना मेगा ट्रेड फेयर एवं मराठी फूड फेस्टिवल जत्रा इस वर्ष अक्टूबर 2025 में उसका 25वां मतलब सिल्वर जुबली संस्करण आयोजित करेगा . इस गौरवमयी उपलब्धि के अवसर पर संस्था द्वारा विभिन्न सामाजिक और सांस्कृतिक आयोजन किये जायेंगे . ट्रस्ट के सुधीर दांडेकर व राजेश शाह ने बताया कि ने बताया कि शिविर 19 अप्रैल शनिवार को शासकीय नूतन विद्यालय चिमन बाग में आयोजित होगा . निशुल्क ब्लड प्रेशर एवं शुगर की सभी जांच करेगी साथ ही हृदय, किडनी, कोलेस्ट्रॉल थायराइड , लीवर व सम्पूर्ण शरीर से सम्बंधित जांचे भी होगी . हृदय रोग विशेषज्ञ, मधुमेह विषेयज्ञ,स्त्री रोग विशेषज्ञ, हड्डी रोग विशेषज्ञ, नाक कान गला रोग विशेषज्ञ संतुलित आहार विशेषज्ञ तथा अन्य क्षेत्रों के विशेषज्ञ डॉक्टर अपनी सेवाएं देंगे .

मुख्यमंत्री ने शामिल होकर यज्ञ में आहुति दी

- पूरी दुनिया सनातन संस्कृति को समझ रही है - मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव
- हर ब्लॉक में वृंदावन गांव बनाए जाएंगे
- दूध उत्पादन में मध्य प्रदेश को देश में प्रथम बनाएंगे

> सांसद सुधीर गुप्ता द्वारा कहा गया कि आज हम सभी के लिए सौभाग्य की बात है। सरकार ने ध्वनि विस्तारक यंत्रों पर रोक लगाकर बच्चों के पढ़ने में माहौल निर्मित किया है। शिक्षा के क्षेत्र को डिसिप्लिन के साथ आगे बढ़ाने काम किया है। पार्वती काली सिंध परियोजना को मूल रूप प्रदान किया है। मध्य प्रदेश के आर्थिक संवर्धन को तेजी से विकसित करने काम किया है। स्वावलंबी गौशाला की नीति को बनाया है। मंदसौर की सीमा को शराब मुक्त किया है। जिससे खुशहाल माहौल बना है। यह एक ऐतिहासिक कदम है। उन्होंने विशेष तौर पर कहा कि पशुपतिनाथ कॉरिडोर विकास के लिए मुख्यमंत्री अनुकंपा प्रदान करें। इसे और विस्तारित रूप प्रदान करें।

मंदसौर। मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव मंदसौर काला खेत में चल रहे विशाल महा सोमयज्ञ में शामिल हुए। यह यज्ञ 13 अप्रैल से चल रहा है, जो की 18 अप्रैल तक चलेगा। इस दौरान मुख्यमंत्री ने यज्ञ में 51 मंत्रोचार के साथ आहुति दी, पूजा अर्चना की तथा सुख, शांति, समृद्धि कामना की। आहुति के पश्चात यज्ञशाला की परिक्रमा भी की। मुख्यमंत्री ने मंच से संत जनों का साल श्रीफल से सम्मान किया। पवित्र नगरी मंदसौर को शराब मुक्त करने पर 160 समाजों द्वारा मुख्यमंत्री को अभिनंदन पत्र भेंट किया गया। इस दौरान सर्वाध्यक्ष पू.पा.डॉ. आचार्य गोस्वामी गोकुलोत्सव महाराज, जिले की प्रभारी मंत्री सुश्री निर्मला भूरिया, वल्लभ मूल के आचार्यगण, सांसद सुधीर गुप्ता, संत मणिमहेश चैतन्य महाराज, रामकिशोर दास महाराज, देवेंद्र शास्त्री, अनीता दीदी, जिला पंचायत अध्यक्ष दुर्गा विजय पाटीदार, विधायक चंदर सिंह सिसोदिया, विधायक ओम प्रकाश सखलेचा, विधायक माधव मारू, विधायक दिलीप सिंह परिहार, राजेश दीक्षित, पूर्व मंत्री कैलाश चावला, नगर पालिका अध्यक्ष गुर्जर, जनपद अध्यक्ष बसंत शर्मा, पूर्व विधायक राधेश्याम पाटीदार सहित अन्य सभी जनप्रतिनिधि प्रशासनिक अधिकारियों में कलेक्टर अदिती गर्ग, पुलिस अधीक्षक अभिषेक आनंद, अपर कलेक्टर एकता जायसवाल, सीईओ जिला पंचायत अनुकूल जैन सहित सभी जिलाधिकारी, बड़ी संख्या में आम नागरिक, पत्रकार मौजूद थे।

मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने कहा कि आज हम सब सोम यज्ञ का हिस्सा बने है। वैज्ञानिक दृष्टिकोण से भी इस यज्ञ का विशेष महत्व है। पूरी दुनिया सनातन संस्कृति को समझ रही है। सनातन संस्कृति की अपनी अलग विशेषता रही है।

दूध उत्पादन में मध्य प्रदेश देश में तीसरे स्थान पर है। वर्तमान में 9ल दूध उत्पादन होता है जिसको बढ़कर 20ल किया जाएगा। दूध उत्पादन के क्षेत्र में मध्य प्रदेश को प्रथम स्थान पर लाया जाएगा।

मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने कहा कि हर ब्लॉक में वृंदावन गांव बनाए जाएंगे। दूध का उत्पादन बढ़ाने पर कार्य होगा। गांव की गौशाला अच्छे से संचालित हो इसके लिए प्रयास होंगे। 25 गाय की एक इकाई मानकर एक व्यक्ति आठ इकाई रख सकेंगे।

पिपलिया मंडी निकाली कलश यात्रा

मंदसौर। जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत पिपलिया मंडी अयोध्या बस्ती में जन अभियान परिषद द्वारा कलश यात्रा निकालकर जल संरक्षण का संदेश दिया। पिपलिया मंडी के तालाब में कलश यात्रा के साथ ही श्रमदान किया गया। इस अवसर पर परिषद के संभाग समन्वयक शिव प्रसाद मालवीय, जिला समन्वयक श्रीमती तृप्ति बैरागी, नगर परिषद अध्यक्ष श्रीमती इंदिरा सुनील देवरिया, उपाध्यक्ष भारत सिंह सोनगरा, ब्लॉक समन्वयक, श्रीमती अर्चना भट्ट, इंद्रजीत भट्ट, सामाजिक कार्यकर्ता, छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

वृक्षारोपण करके धरती पर जल स्तर बढ़ाया जा सकता है

- नवांकुर संस्था बाजखेडी द्वारा जल संरक्षण के बारे में जानकारी दी

नवभारत न्यूज

मंदसौर। ग्राम पंचायत अरनिया निजामुद्दीन में ग्राम सभा में जल संवर्धन अभियान अंतर्गत लोगों को नवांकुर संस्था बाजखेडी सेक्टर मंदसौर द्वारा जल संरक्षण के बारे में जानकारी दी गई और उनको वृक्षारोपण करके धरती पर जल स्तर बढ़ाया जा सकता है कि जानकारी दी गई। इस अवसर पर ग्राम पंचायत सरपंच ललिता अहिरवार, उपसरपंच प्रतिनिधि मुबारिक भाई, सचिव राजाराम परमार, अमील भाई, हकीम भाई, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता पेटाराम कन्या सहायिका तथा ग्रामवासी और नवांकुर संस्था बाजखेडी अध्यक्ष बानो बी, प्रतिनिधि लाला भाई नवांकुर संस्था सचिव मंजु भावसार, सद्धाम हुसैन, मनसाब अली, पत्रकार इब्राहिम अजमेरी द्वारा जानकारी दी गई। शपथ दिलाई गई।

प्रवेश उत्सव | पीड़ित पुजारी ने कलेक्टर से की न्याय की मांग

एसडीएम और तहसीलदार पर मंदिर की फसल काटकर लाखों रूपये गबन करने का आरोप

नवभारत न्यूज

मन्दसौर। मंदसौर जिले के नाहरगढ़ के समीप स्थित ग्राम खजूरी चंद्रावत में श्री राम जानकी मंदिर के पुजारी पं. मंगल द्विवेदी है जो कई वर्षो इस मंदिर के पुजारी के रूप में कार्य कर रहे है। मंदिर की लगभग 52 बीघा जमीन पर पं. मंगल द्विवेदी की खेती करते आ रहे है और यही इनकी आजीविका का साधन है। लेकिन इस वर्ष सीतामऊ एसडीएम शिवानी गर्ग और नायब तहसीलदार प्रतिभा भाबर ने एक नोटिस पुजारी को जारी कर फसल की कुर्की कर ली और अपने हार्वेस्टर से फसल काटकर ले गई ।जनसुनवाई में कलेक्टर को दिये आवेदन में पं. मंगल द्विवेदी ने बताया कि मंदिर की लगभग 52 बीघा जमीन है जिसे मैं अपने बटाईदार के साथ मिलकर हांकता हु। इस बार भी लगभग 45 बीघा जमीन पर गेहूं बोये थे। लेकिन इस बार सीतामऊ एसडीएम शिवानी गर्ग ने एक नोटिस जारी कर फसल का कुर्क करने के आदेश जारी किये यह नोटिस पं. मंगल द्विवेदी को 5 मार्च को मिला और 6 मार्च को इस नोटिस के विरूद्ध पुजारी ने अपर कलेक्टर के यहां अपील कर दी और स्टे प्राप्त कर लिया। इसके बावजूद एसडीएम शिवानी गर्ग और नायब तहसीलदार प्रतिभा भाबर व अन्य पटवारियों की टीम दिनांक 25 मार्च को हार्वेस्टर से पूरी फसल कटवा दी और अपने साथ ले गये।

मंदिर के पुजारी पं. मंगल द्विवेदी और उनके सहयोगी प्रहलाद शर्मा, कोमल कुमावत, साहब सिंह बंजारा, कमल सिंह चंद्रावत, मनीष शर्मा और अन्य ग्रामीणों ने कलेक्टर को जनसुनवाई में बताया कि जब पटवारी हमारे यहां पर फसल काटने आयें तो हमने उनका विरोध किया लेकिन उन्होने हमारी नहीं सुनी। इसमें सबसे बडी बात यह है कि जब फसल काटकर खेत से ले गये तब 21 ट्राली गेहू खेतों से 4 हार्वेस्टर तक लगाकर भरकर ले गये थे। हमारे द्वारा सीतामऊ कृषि उपज मण्डी में जब जानकारी निकाली तो वहां पर 14 ट्राली गेहूं ही पहुंचे है।

नीमच

एक नजर में

दो अफीम तस्करों को 10-10 वर्ष का सश्रम कारावास एवं 01-01 लाख रूपये अर्थदण्ड

नीमच। जितेन्द्र कुमार बाजोलिया, विशेष न्यायाधीश, एन .डी .पी .एस . एक्ट, जिला नीमच द्वारा 04 किलो 500 ग्राम अफीम की तस्करी करने वाले दो आरोपीगण (01) भगतराम पिता मोढीराम पाटीदार, निवासी ग्राम गौमाना, थाना छोटी सादड़ी, जिला प्रतापगढ़ (राजस्थान) एवं (02) रमेश पिता प्रभुलाल मेघवाल, निवासी जाखमिया, थाना धोलापानी, जिला प्रतापगढ़ (राजस्थान) को धारा 08/18(बी) एन .डी .पी .एस . एक्ट, 1985 के अंतर्गत 10-10 वर्ष के सश्रम कारावास एवं 1,00,000-1,00,000रूपये अर्थदण्ड से दण्डित किया गया। प्रकरण में शासन की ओर से पैरवी करने वाले एडीपीओं श्री रितेश कुमार सोमपुरा द्वारा घटना की जानकारी देते हुए बताया कि घटना लगभग 06 वर्ष पूर्व की होकर दिनांक 12 .05 .2019 को रात्री के लगभग 09 :30 बजे नीमच-निम्बाहेड़ा फोरलेन हाईवे स्थित मालखेड़ा फण्टे की हैं। नारकोटिक्स सेल इन्दौर, प्रकोष्ठ जिला नीमच में पदस्थ उपनिरीक्षक राऊफ खान को मुखबीर सूचना प्राप्त हुई कि तीन व्यक्ति मोटरसायकल पर लगभग 4-5 किलो अफीम लेकर जाने वाले हैं जो कि मालखेड़ा फण्टे पर किसी कार चालक को देंगे। मुखबीर सूचना विश्वसनीय होने से उपनिरीक्षक राऊफ खान द्वारा फोर्स सहित मालखेड़ा फण्टे पर नाकेबंदी की गई, तब कुछ समय पश्चात् नीमच सिटी की तरफ से मुखबीर द्वारा बताये हुलिये के तीन व्यक्ति एक मोटरसायकल आते हुवे दिखाई दिये, जिन्हें रोककर तलाशी लिये जाने पर आरोपीगण भगतराम एवं रमेश के बीच में रखी हुई प्लास्टीक की थैली में 4 किलो 500 ग्राम अवैध मादक पदार्थ अफीम होना पाई गई, जिसे जप्त कर एवं आरोपीगण को गिरफ्तार कर उनके विरूद्ध अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया जाकर अभियोग पत्र विशेष न्यायालय, नीमच में प्रस्तुत किया गया। एक अभियुक्त की उम्र 18 वर्ष से कम होने से उसके विरूद्ध बाल न्यायालय में अभियोग-पत्र प्रस्तुत किया गया। विचारण के दौरान अभियोजन की ओर से न्यायालय में जप्तीकर्ता अधिकारी, विवेचक, हमराह फोर्स के सदस्यों सहित सभी महत्वपूर्ण गवाहों के बयान कराकर अपराध को संदेह से परे प्रमाणित कराते हुवे आरोपीगण को कठोर दण्ड से दण्डित किये जाने का निवेदन किया गया, जिस पर से माननीय न्यायालय द्वारा आरोपीगण को उपरोक्त दण्ड से दण्डित किया गया। प्रकरण में शासन की ओर से पैरवी एडीपीओं श्री रितेश कुमार सोमपुरा द्वारा की गई।

शुक्रवार को होती है सबसे ज्यादा ऑनलाइन धोखाधड़ी

नीमच। यूं तो ऑनलाइन धोखाधड़ी का कोई समय, दिन और स्थान तय नहीं होता लेकिन यदि धोखाधड़ी की घटनाओं के पैटर्न को विश्लेषण करें तो यह सामने आता है कि ऑनलाइन धोखाधड़ी के अधिकांश मामले शुक्रवार को होते हैं। सप्ताह के अन्य दिनों की तुलना में शुक्रवार से रविवार के बीच ऐसी वारदात ज्यादा इसलिए होती हैं क्योंकि शुक्रवार के अगले दो दिन यानी शनिवार और रविवार को बैंकों में छुट्टी रहती है। इस दिन वारदात होने पर बैंक की हेल्पलाइन नंबर पर संपर्क करने के बाद भी कई बार रुपये फ्रीज नहीं हो पाते। इसका फायदा ऑनलाइन ठगी करने वाले उठाते हैं। सोमवार को बैंक जब तक अपना सामान्य कामकाज शुरू करते हैं, तब तक पीड़ित व्यक्ति के खाते से रुपये ऑनलाइन ठगी करने वालों के खाते में ट्रांसफर हो जाते हैं। ऐसे मामलों के लिए कुख्यात जामताड़ा में तो एक गिरोह ने पुलिस पूछताछ में कुबूल किया था कि वह शुक्रवार से रविवार के बीच ठगी ज्यादा करते हैं।

केस-1-ग्वालियर के मुरार स्थित सीपी कालोनी में रहने वालीं शिक्षिका आशा भटनागर को डिजिटली अरेस्ट कर 51 लाख रुपये की ठगी हुई थी। ठगों ने फोन 14 मार्च यानी गुरुवार को किया। उन्हें 15 मार्च (शुक्रवार) को बैंक भेजकर एफडी तुड़वाई गई, उसी दिन पूरा पैसा गुजरात और श्रीनगर के बैंक खातों में स्थानांतरित करा लिया गया।

भव्य भजन संध्या का समापन, देर रात तक भजनों पर खूब थिरके श्रोतागण

नवभारत न्यूज

सिंगोली। हनुमान जयंती के पावन अवसर पर नगर के विवेकानंद बाजार में आयोजित भव्य भजन संध्या का आयोजन संपन्न हुआ। हनुमान जयंती के पावन अवसर पर नगर में स्थित श्री देवतलाई बालाजी मंदिर समिति की ओर से विवेकानंद बाजार में भव्य भजन संध्या का आयोजन किया गया। भजन संध्या के लिए समिति सदस्यों द्वारा लंबे समय से तैयारियां की जा रही थीं। भजन संध्या में प्रसिद्ध भजन गायक महंत प्रकाश दास जी महाराज निवाई वाले को आमंत्रित किया गया था ।कार्यक्रम रात 10 बजे से प्रारंभ हुआ। रात करीब 11 बजे मंच पर पहुंचे महंत प्रकाश दास जी महाराज का जिला मंत्री अशोक सोनी विक्रम, भाजपा मंडल अध्यक्ष राधेश्याम मेघवंशी, नगर परिषद अध्यक्ष सुरेश जैन, उपाध्यक्ष मोतीलाल धाकड़, दिनेश जोशी, पार्षद सुनील सोनी, फूल कुमार मलिक, पुष्प बगड़ा, निरंजन शर्मा, निरंजन गिर रजनाती सहित देवतलाई बालाजी मंदिर समिति के सदस्यों और गौ रक्षा दल के सदस्यों ने स्वागत किया ।इससे पूर्व महंत प्रकाश दास जी के स्वागत में जमकर आतिशबाजी की गई ।भजन गायक प्रकाश दास जी ने भजनों की शुरुआत से पहले सभी श्रोताओं को खड़ा कर राष्ट्रगान गाया ।

> भजनों के दौरान श्रोताओं को संबोधित करते हुए महंत ने कहा कि मैं बांसवाड़ा से आया हूं जहां 52 ट्रक गौवंश को पकड़ा जो कटने के लिए राजस्थान से जा रहे थे हमें राजस्थान सरकार से बैर नहीं है लेकिन मध्यप्रदेश सरकार के कारण 52 ट्रकों में भरे गौवंश को बचाया गया है। मेरी मांग है कि भारत हिन्दू राष्ट्र बने और गाय माता बने राष्ट्र माता ।भजन संध्या में सिंगोली सहित आस पास के झांतला, बोराव, कदवासा, बेगूं, बिजौलिया, रावतभाटा सहित अनेक गांवों और शहरों से बड़ी संख्या में श्रोतागण उपस्थित हुए। कार्यक्रम का संचालन प्राचार्य राजेंद्र जोशी ने किया।

नयागांव-जावद रोड़ पर काल बनकर आया वाहन, बाइक सवारों को मारी टक्कर

नवभारत न्यूज

नीमच। मृत्यु भोज के कार्यक्रम में शामिल होने जा रहे पिता-पुत्री को एक अज्ञात वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी। घटना में उक्त व्यक्ति की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई, जबकि महिला गंभीर रूप से घायल हो गई, जिसका उपचार जिला अस्पताल में चल रहा है। घटना गुरूवार की नयागांव चौकी क्षेत्र के नयागांव-जावद रोड़ की है।

मिली जानकारी के अनुसार, राजस्थान के रानीखेड़ा गांव से घनश्याम पिता प्यारजी तैली (60), अपनी बेटी अर्चना पति गोविंद के साथ मृत्यु भोज के कार्यक्रम में शामिल होने जावद जा रहे थे। इसी दौरान नयागांव-जावद रोड़ पर उन्हें अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। घटना में दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें एंबुलेंस की मदद से जिला अस्पताल लाया गया। जहां डॉक्टरों ने घनश्याम को मृत घोषित कर दिया। जबकि उनकी बेटी अर्चना का उपचार जिला अस्पताल में चल रहा है। मृतक घनश्याम का पीएम होने के बाद शव परिजनों को सौंपा दिया गया। वहीं पुलिस ने भी मर्ग कायम करते हुए मामले की जांच शुरू कर दी है।

जल गंगा संवर्धन अभियान, शिवघाट पर हुआ स्वच्छता श्रमदान

नीमच। जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत म.प्र. जन अभियान परिषद नीमच एवं नगर पालिक नीमच के संयुक्त तत्वावधान में जयसिंहपुरा रोड स्थित शिव घाट मंदिर के घाट पर स्वच्छता श्रमदान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। आयोजन में जन अभियान परिषद के उज्जैन संभाग समन्वयक श्री शिव प्रसाद मालवीय ने विशेष रूप से उपस्थित होकर श्रमदान किया। शिवघाट मंदिर परिसर काफी प्राचीन मंदिर है एवं यहां पर पीछे की तरफ तलेया एवं घाट है जहां पर त्योहारों के समय काफी श्रृद्धालुजन आते है। घाट पर स्वच्छता श्रमदान में सामाजिक कार्यकर्ताओं, सीएमसीएलडीपी स्टूडेंटस, परामर्शदाता, नगर पालिका के कर्मचारियों, नवांकुर संस्थाओं को साथ में लेकर श्रमदान किया एवं घाट पर हो रहें कचरे को हटाकर उसे स्वच्छ बनाया। श्रमदान में वीरेंद्र सिंह ठाकुर जिला समन्वयक, प्रवीण आर्य प्रबंधक एन यु एल एम नगर पालिका, सुरेश पंवार, बालकृष्ण सोलंकी, गुणवंत गोयल, कचरूलाल गायरी, शेरू, पवन कुमरावत, ताराचंद पाईवाल, परामर्शदाता नवांकुर संस्था सहित सभी श्रमदानियों का विशेष सहयोग रहा।

एक नजर | राष्ट्रपति के नाम सौंपा ज्ञापन, आखिर किस फर्जी मामले का मुद्दा गरमाया

नीमच में कांग्रेस का धरना- प्रदर्शन, भाजपा सरकार पर साधा निशाना

नवभारत न्यूज

नीमच। गुजरात व बिहार में विधानसभा चुनाव में अपनी पराजय दिखाई देने के चलते भाजपा की मोदी-शाह की जोड़ी सत्ता का दुरुपयोग कर कांग्रेस के नेताओं को डराने धमकाने का काम कर रही है। इसलिए कांग्रेस नेतृत्व सोनिया गांधी व नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के विरुद्ध केंद्र सरकार द्वारा फर्जी मामले में आरोप पत्र प्रस्तुत किया गया। जिसके विरोध में गुरूवार को शहर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के बैनर तले कांग्रेस के नेताओं व

कार्यकर्ताओं ने केंद्र की मोदी सरकार के विरुद्ध नीमच के फॉर जीरो चौराहे पर धरना दिया। जिसके बाद महामहिम राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन भी सौंपा।

ज्ञापन में कांग्रेस ने बताया कि, आज जब भारत 75 वर्षों से अधिक पुराने लोकतंत्र की विरासत का दावा करता है, तब देश के भीतर एक खतरनाक प्रवृत्ति लगातार गहराती जा रही है, केंद्र सरकार द्वारा सरकारी एजेंसियों के दुरुपयोग की, विशेष रूप से विपक्षी नेताओं को निशाना बनाकर बदले की भावना से कार्रवाई की जा रही है। लोकतंत्र की आत्मा को निरंतर घायल कर रही है। हाल ही में राष्ट्रीय कांग्रेस की पूर्व अध्यक्षा सोनिया गांधी और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के विरुद्ध नेशनल हेराल्ड प्रकरण में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा आरोप पत्र दाखिल किया गया है। यह न केवल अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है, बल्कि स्पष्ट रूप से यह केंद्र सरकार की राजनीतिक प्रतिशोध की संकीर्ण मानसिकता का भी प्रतीक है ।जिस परिवार ने इस देश के लिए अपना सब कुछ न्योछावर किया, जिनके अपने बलिदान हुए, उस गांधी नेहरू परिवार को केंद्र की सत्ता में बैठी भाजपा सरकार बार-बार अपमानित करने का असफल प्रयास कर रही है। 2014 से लगातार यह देखा जा रहा है कि विपक्षी नेताओं के खिलाफ ईडी, सीबीआई, आईटी जैसी एजेंसियों का मनमाना उपयोग किया जा रहा है ! इससे यह स्पष्ट है कि यह एक राजनीतिक हथियार के रूप में एजेंसियों को प्रयोग करने की रणनीति है। ज्ञापन में कांग्रेस ने मांग की है कि, आप भारत के संविधान के संरक्षक हैं, कृपया इस गंभीर प्रकरण में स्वत: संज्ञान लें ।

> ज्ञापन मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार प्रदेश भर की सभी जिला, तहसील और संभागीय कांग्रेस इकाइयों द्वारा संबंधित प्रशासनिक अधिकारियों को सौंपा जा रहा है, ताकि देश के सर्वोच्च संवैधानिक पद तक जनता और जनप्रतिनिधियों की असहमति दर्ज हो सके।

-